JALAUN POLICE

दिनांक- 27.06.2026

थाना गोहन पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान बकरी चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 20.06.2026 की रात्रि को थाना गोहन क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा वादिनी श्रीमती खुशबू पत्नी सन्जू उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम इटवाँकनार थाना गोहन जनपद जालौन की 03 बकरी चोरी करने व वादिनी के पति संजू को चोट पहुंचाने वाले अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध थाना गोहन पर मु0अ0सं0 50/2026 धारा 307 बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में जालौन पुलिस टीम द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था। दिनांक 27.06.2026 को थाना गोहन पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें एक शातिर अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हुआ तथा दूसरा अभियुक्त पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गोहन पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। घायल अभियुक्त आशिफ उपरोक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

अभियुक्तगण का विवरण-

1. उदल पुत्र राजू उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम नाहिली थाना कुठौंद जनपद जालौन
2. आशिफ पुत्र अहमद रसूल उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम बदनपुर थाना गोहन जिला जालौन

अभियुक्त ऊदल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 77/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस कोतवाली व जनपद औरैया

अभियुक्त आशिफ उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 209/17 धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना अजीतमल जनपद औरैया

पूछताछ का विवरण- पूछताछ में अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 20.06.2026 की रात्रि को ग्राम इटवाकनार में बकरी चोरी की घटना को कुल 04 लोगों द्वारा अंजाम दिया गया था। हमनें 20.06.2026 की रात्रि को एक घर से 03 बकरियां चोरी करी थीं। जिन्हें 14,000/- रुपये में बेचा था। आज भी हम इसी तरह एक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे कि आप लोगों नें पकड लिया।

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद तमन्चा मय 03 जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस
2. 01 ब्लेडनुमा चाकू
3. 4450/- रुपये
4. 01 अदद कार UP-92-AS-4613(घटना में प्रयुक्त वाहन)

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष गोहन मय टीम
2. एसओजी/सर्विलांस टीम जनपद जालौन।